**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एनसीडी-I अनुभाग)**

**निर्माण भवन, नई दिल्ली**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग में संविदा आधार पर राष्ट्रीय परामर्शदाता (फ्लूरोसिस) के एक पद पर नियुक्ति**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग **राष्ट्रीय फ्लूरोसिस निवारण तथा नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीपीसीएफ)** के तहत 60,000/- रु. समेकित मासिक पारिश्रमिक पर राष्ट्रीय परामर्शदाता (फ्लूरोसिस) के एक पद पर नियुक्ति हेतु पात्र व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करता है। पात्रता मानदण्ड, कार्य की जिम्मेदारी तथा अन्य विवरण स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट www.mohfw.nic.in पर अपलोड किए गए हैं। इच्छुक तथा पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रोफॉर्मा में अर्हता, अनुभव आदि को दर्शाते हुए संगत दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियों के साथ आवेदन कर सकते हैं। विधिवत् भरे गए आवेदन श्री प्रेम नारायण, अवर सचिव, कमरा सं. 414-ए, डी-विंग, निर्माण भवन, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली-110108 को भेजे जाएं। राष्ट्रीय समाचार-पत्र में उपरोक्त पते पर आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 30 दिन है। केवल चयनित सूची में शामिल आवेदकों को ही चयन परीक्षा/ मूल्यांकन हेतु बुलाया जाएगा तथा उसके समय तथा तिथि के बारे में जानकारी दी जाएगी। दिल्ली से बाहर से आने वाले आवेदकों को दिल्ली में चयन परीक्षा/मूल्यांकन हेतु किसी प्रकार के यात्रा भत्ते/दैनिक भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**राष्ट्रीय फ्लूरोसिस नियंत्रण तथा निवारण कार्यक्रम (एनपीपीसीएफ) के तहत संविदा आधार पर राष्ट्रीय परामर्शदाता (फ्लूरोसिस) के एक पद पर नियुक्ति**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली में राष्ट्रीय फ्लूरोसिस निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीपीसीई) के तहत राष्ट्रीय परामर्शदाता (फ्लूरोसिस) के एक पद हेतु पूर्णतया संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**अर्हताएं :**

**अनिवार्य:**-1. जन स्वास्थ्य/सामुदायिक मेडिसिन/दंत चिकित्सा सर्जरी/बॉयो कैमिस्ट्री/खाद्य तथा पोषण/गृह विज्ञान (खाद्य तथा पोषण सहित) में स्नातकोत्तर डिग्री।

2. स्वास्थ्य/पोषण कार्यक्रमों की योजना तथा कार्यान्वयन में न्यूनतम तीन वर्षों का अनुभव।

**वांछनीय:**– आईसीटी के प्रयोग में कुशलता।

**आयु सीमा** (आवेदन की प्राप्ति के अंतिम दिन को आयु): 50 वर्ष से कम।

**कार्य की अपेक्षाएं/जिम्मेदारियां:** चयनित व्यक्ति को **एनपीपीसीएफ**, **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय** में तैनात किया जाएगा तथा निम्न कार्य सौंपे जाएंगे :-

- योजना बनाने, दिशानिर्देश बनाने, प्रशिक्षण, निगरानी तथा एनपीपीसीएफ कार्यक्रमों का कार्यान्वयन तथा मूल्यांकन में सहायता प्रदान करना।
- चयनित जिलों में यह पता लगाने के लिए कि क्या वास्तव में जनसंख्या फ्लूरोसिस से पीड़ित है/खतरे में है, के लिए फ्लूरोसिस की जांच हेतु राज्य दलों को दिशानिर्देश प्रदान करना।
- कार्यक्रम की जांच करने हेतु स्थानिक जिलों/गांवों के क्षेत्रीय दौरा करना।
- जन स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग (पीएचईडी) तथा डीएचएस/राज्य नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय करना।
- विभिन्न श्रेणियों के कार्मिकों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने हेतु राज्यों के साथ समन्वय करना।
- फ्लूरोसिस के बारे में जागरूकता पैदा करने और व्यवहार परिवर्तन हेतु आईईसी सामग्री का विकास करना तथा आईईसी और बीसीसी गतिविधियों के लिए समन्वय करना।
- इस कार्यक्रम के तहत राज्यों/केन्द्रीय स्तर पर वित्तीय तथा वास्तविक पहलुओं को जारी करने/व्यय/ उपयोगिता की उपलब्धियों की निगरानी करना।
- इस कार्यक्रम के तहत स्थापित विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रयोगशालाओं काक्षमता निर्माण करना तथा राष्ट्रीय नेटवर्क बनाना।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) हेतु तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
- स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय/स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सौंपा गया कोई भी कार्य।

**अपेक्षित अनुभव** – स्वास्थ्य/पोषण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन तथा योजना निर्माण में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव।

**परामर्शदाता हेतु अपेक्षित अवधि:-** प्रारंभ में एक वर्ष जिसे कार्य-निष्पादन के आधार पर बढ़ाया जा सकता है। तथापि, किसी भी पक्ष द्वारा लिखित में एक महीने का नोटिस देकर इस संविदा को समाप्त किया जा सकता है।

**पारिश्रमिक:** प्रति माह – 60,000/-रु. (समेकित) तथा यात्रा भत्तों हेतु नियमों के तहत स्वीकार्य दैनिक भत्ते तथा यात्रा भत्ते।

---

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली में संविदा आधार पर राष्ट्रीय परामर्शदाता (फ्लूरोसिस) के पद पर आवेदन हेतु प्रोफार्मा**

स्व-प्रमाणित पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं

1. पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) :
2. पिता का नाम :
3. लिंग (पुरुष/स्त्री) :
4. जन्म तिथि :
5. वैवाहिक स्थिति :
6. सम्पर्क का पता :
7. स्थायी पता :
8. मोबाइल नं. :
9. ई-मेल :
10. उत्तीर्ण परीक्षाओं का ब्यौरा (डिग्री परीक्षा के बाद से) :

| परीक्षा का नाम | वर्ग/डिवीजन | उत्तीर्ण करने का वर्ष | संस्थान/कॉलेज | विश्वविद्यालय |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

11. अनुभव :
12. चिकित्सा/दंत चिकित्सा पंजीकरण सं. तथा पंजीकरण का स्थान (केवल चिकित्सा/दंत चिकित्सा स्नातकों हेतु)
13. कम्प्यूटर संबंधी योग्यता :
14. अन्य कोई सूचना :
15. संलग्नक (संलग्न जांच-सूची के अनुसार) :

**<u>घोषणा:</u>** मैं सत्यनिष्ठा से यह घोषणा करता हूं कि ऊपर दिए गए विवरण मेरी जानकारी और विश्वास में सही हैं।

**उम्मीदवार के हस्ताक्षर**

**दिनांक :**

**स्थान :**

**संलग्न स्व-प्रमाणित प्रतियों की जांच-सूची:-**

| क्र.सं. | दस्तावेज | हां | नहीं |
|---|---|---|---|
| 1 | जन्मतिथि प्रमाण पत्र (10वीं/मैट्रिक प्रमाणपत्र) | | |
| 2 | शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र (डिग्री परीक्षा के बाद से) | | |
| 3 | अनुभव प्रमाण पत्र | | |
| 4 | चिकित्सा/दंत चिकित्सा पंजीकरण प्रमाण पत्र (केवल चिकित्सा/दंत चिकित्सा स्नातकों हेतु) | | |
| 5 | उत्तीर्ण परीक्षाओं की अंक-तालिका (डिग्री के बाद से) | | |
| 6 | कम्प्यूटर कौशल प्रमाण पत्र | | |
| 7 | प्राप्त पुरस्कारों/मैडलों/प्रकाशनों/सम्मेलनों, जिनमें भाग लिया/पाठयेतर गतिविधियों आदि का प्रमाण | | |
| 8 | पासपोर्ट आकार का हाल में खिंचवाया गया फोटो | | |

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

नाम :